राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 10 सितम्बर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर सोमवार, दिनांक 12 सितम्बर, 2022 से राजस्थान मंत्रीमण्डल के सदस्यगणों द्वारा प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई की जायेगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों एवं अभ्यावेदनों का रिकॉर्ड रखा जायेगा तथा प्रकरणों के निस्तारण की जानकारी मंत्रीगणों से प्राप्त की जायेगी। प्रदेशाध्यक्ष श्री डोटासरा ने निर्देश प्रदान किये हैं कि जनसुनवाई में उपस्थित होने वाले सभी अभ्यर्थियों की परिवेदनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जाकर आमजन को राहत प्रदान की जाये।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि सोमवार, दिनांक 12 सितम्बर, 2022 को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती जाहिदा खान द्वारा जनसुनवाई की जायेगी। मंगलवार, दिनांक 13 सितम्बर, 2022 को चिकित्सा, स्वास्थ्य व आबकारी विभाग मंत्री श्री परसादी लाल मीणा तथा श्रम व कारखाना एवं बॉयलर्स विभाग राज्यमंत्री श्री सुखराम विश्नोई द्वारा जनसुनवाई की जायेगी। **जनसुनवाई हेतु सितम्बर माह का कार्यक्रम संलग्न है।**

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter